भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3917

जिसका उत्तर 12 अगस्त, 2026 को दिया जाना है।

21 श्रावण, 1948 (शक)

राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क का कार्यान्वयन

3917. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः

क्या **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में सेवा के रूप में राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क और ब्लॉकचेन अवसंरचना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) भुवनेश्वर स्थित एनआईसी डाटा सेंटर से राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क के माध्यम से वर्तमान में शुरू की जा रही सेवाओं का ब्यौरा क्या है और राष्ट्रीय ब्लॉकचेन पारिस्थितिकी को सुदृढ़ करने में ओडिशा की भूमिका क्या है;

(ग) भूमि अभिलेखों, दस्तावेज सत्यापन और आपूर्ति शृंखला प्रबंधन से संबंधित अनुप्रयोगों सहित वर्तमान में ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहे सरकारी विभागों और लोक सेवा अनुप्रयोगों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का विचार ओडिशा में ब्लॉकचेन अवसंरचना और नागरिक केन्द्रित अनुप्रयोगों का विस्तार करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री

(श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (घ): नेशनल ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क (एनबीएफ) - विश्वस्या, एक ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी स्टैक, ब्लॉकचेन-एज-ए-सर्विस की पेशकश करने के लिए विकसित और लॉन्च किया गया है। इसे भुवनेश्वर, पुणे और हैदराबाद में भौगोलिक रूप से वितरित एनआईसी डेटा केंद्रों पर होस्ट किया गया है। यह स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स, सुरक्षा, गोपनीयता, अंतरसंचालनीयता और अनुमति-आधारित ब्लॉकचेन अनुप्रयोगों के विकास और परिनियोजन का समर्थन करता है। भुवनेश्वर सहित भौगोलिक रूप से वितरित एनबीसी बुनियादी ढांचे पर होस्ट किए गए विभिन्न ब्लॉकचेन-आधारित अनुप्रयोग निम्नलिखित हैं:

- राजस्व विभाग, नगर म्युन्सिपल परिषद, नगर निगम, कर्नाटक सरकार; राजस्व विभाग और सर्वेक्षण विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार; और राजस्व विभाग, झारखंड सरकार के लिए संपत्ति श्रृंखला।
- राजस्व विभाग, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय, कर्नाटक सरकार; इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़; महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, नासिक, महाराष्ट्र; राजस्व विभाग, दिल्ली; उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद, मणिपुर; नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग, पुडुचेरी; सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए), हैदराबाद के लिए ब्लॉकचेन-आधारित सेवा स्तर प्रशिक्षण रिकॉर्ड समाधान के लिए प्रमाणपत्र श्रृंखला।
- राज्य चिकित्सा आपूर्ति निगम लिमिटेड, कर्नाटक के लिए दवा रसद के लिए आपूर्ति श्रृंखला।

*****